हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 मई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री



## बैकुंठपुर विधानसभा में 80.16 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत 228 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 132 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 639 एवं तृतीय लिंग मतदाता 6 है।

इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 70 हजार 777 है। मिली जानकारी के अनुसार शाम 7 बजे तक 81.41 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मतदान किए, वहीं 78.93 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किए हैं। इस तरह अब तक 80.16 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं विधानसभा सोनहत (आंशिक) में 78 मतदान केन्द्रों में पुरुष मतदाता 18 हजार 231 तथा महिला मतदाता 18 हजार 321 पंजीकृत थे। इनमें से 15 हजार 945 पुरुष मतदाता तथा 15 हजार 934 महिला मतदाताओं ने मतदान किए। इस तरह अनंतिम ऑकड़े के अनुसार 87 प्रतिशत मतदान हुए हैं।

- सोनहत (आंशिक) विधानसभा में 87 प्रतिशत मतदान

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में तीन खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** इंदौर में होने वाली 74वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में सरगुजा जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में किया गया है। सरगुजा बास्केटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी साक्षी तिर्की, रिमझिम मिश्रा व आयुष चौबे छत्तीसगढ़ जूनियर बास्केटबॉल टीम में बालक व बालिका वर्ग में खेलकर सरगुजा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के इंदौर में 8 से 14 मई तक चलेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला के महात्मा गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड पर सुबह - शाम नियमित अभ्यास करते हुए तीनों खिलाड़ीयों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 2024 सरगुजा जिला के लिए बास्केटबॉल खेल से सरगुजा जिला का मान बढ़ाया है साथ ही नवनिर्मित सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट पर नियमित निःशुल्क बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे स्थानीय प्रतिभा निखारने में मदद मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर के मंच पर खेलने का जिले के खिलाड़ियों को मिल सकेगा।

### नाबालिग से गाली गलौज करने वाला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग से गाली गलौज व अश्लील मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केनाबांध निवासी राजा सोनी की नाबालिग से जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी युवक बातचीत करता था। आरोपी ने नाबालिग के फोटो को इंस्टाग्राम में डालकर बदनाम करने की कोशिश की और जब नाबालिग ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उससे गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने नाबालिग से अभद्र बातचीत की। इस मामले में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने जांच उपरान्त केनाबांध निवासी 22 वर्षीय राजा सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई रम्भा साहू, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, सियाराम मरावी, महिला आरक्षक सरस्वती सिंह, आरक्षक प्रमोद सिंह, शिव राजवाड़े, राजेंद्र गढ़ेवाल शामिल रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम दिरंग निवासी संजय कुमार आ. दहन राम विश्वकर्मा (25 वर्ष) गत दिन ओम शिवाय पैकरा व पिंटू दास के साथ मोबाइल बनवाने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 3982 से बतौली जा रहे थे। ओम शिवाय पैकरा बतौली में संजय को उतार पिंटू के साथ अम्बिकापुर रोड स्थित मोबाइल दुकान जा रहे थे। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीएफ 7622 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### भैंस के घसीटने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम बकमेर निवासी रूद्र प्रसाद आ. आलम साय (45 वर्ष) गत दिन भैंस को घर के समीप बांध रहा था। इसी दौरान भैंस अचानक भागने लगा। भैंस के भागने से रस्सी रूद्र प्रसाद के हाथ में फंस गई जिससे भैंस उसे काफी दूर तक घसीट कर ले गया जिससे ग्रामीण सिर व शरीर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद, 4 जून को निकलेगा परिणाम

# चारों पहर तीन लेयर में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा



स्ट्रांग रूम किया गया सील।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरबा संसदीय निर्वाचन सीट के तृतीय चरण के मतदान के बाद बैकुंठपुर विधानसभा के सभी ईवीएम मशीनों को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक शाला बैकुंठपुर के स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गई है।

प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को पूरी तरह से सील की गई और सीसीटीवी कैमरे के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। 7 मई को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के 67 हजार 644 महिला मतदाता, 69 हजार हजार 373 पुरुष मतदाता व 03 तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान किए थे। इसमें पुरुष मतदाता की मतदान प्रतिशत 81.49 व महिला मतदाता की मतदान प्रतिशत 78.99 रहे। इस तरह बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में 80.23 प्रतिशत मतदान हुए हैं। आगामी 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होगा। तब-तक प्रत्याशियों के किस्मत ईवीएम मशीन में बंद रहेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रेक्षक व कलेक्टर की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील**



सुरक्षा में तैनात जवान।

### विधानसभा में 306 मतदान केन्द्र

मंगलवार की देर रात तक मतदान दलों द्वारा मतपेटी को शासकीय रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल (स्ट्रांग रूम) में पीठासीन अधिकारी एवं उनके दल द्वारा सुरक्षित जमा किया गया है। बैकुंठपुर एवं सोनहत आंशिक क्षेत्र के कुल 306 मतदान केन्द्रों में से सोनहत के 78 मतदान केन्द्रों की पेटियों को डीवाईएसपी श्याम लाल मधुकर के पर्यवेक्षण में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में सकुशल जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पहुंचाया गया है। वहीं बैकुंठपुर के 228 मतदान पेटियों को स्ट्रांग रूम बैकुंठपुर में सुरक्षित जमा कर लिया गया है। मानक गाइडलाइन के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर के आंतरिक लेयर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा केन्द्रीय पुलिस फोर्स एसएसबी द्वारा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तीन लेयर में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इसमे फर्स्ट एवं सेकंड लेयर में केन्द्रीय रिजर्व फोर्स एसएसबी की कंपनी को तैनात किया गया है एवं थर्ड लेयर में सीएएफ और जिला बल को तैनात किया गया है, जो 24 घंटे कड़ी निगरानी में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस दौरान परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा, केवल चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति ही स्ट्रांग रूम के अंदर प्रवेश कर सकते हैं। तीन लेयर के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की जिला पुलिस के तरफ से संपूर्ण जवाबदारी डीवाईएसपी जेपी भारतेन्दु को नोडल अधिकारी के तौर पर सौंपी गई है, जो अपने सतत पर्यवेक्षण में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। समस्त बल को पुलिस निर्वाचन नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा ब्रीफ करके लगाया गया है। उनके अतिरिक्त एसडीओपी बैकुंठपुर को भी प्रतिदिन स्ट्रांग रूम में लगे सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता का जायजा लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

## सबके सहयोग से मतदान प्रतिशत में हुई बढ़ोतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि जिले के सभी वर्गों के सहयोग के कारण, काफी संख्या में मतदान में भाग लेने पर इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। निर्वाचन कार्य में काफी संख्या में मतदान कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू रूप से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भॉति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। भीषण गर्मी, उमस व बदलते मौसम के बावजूद जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी उत्साह से मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए लोगों को अवगत कराया। स्काउट-गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान सहभागिता निभाई,जो सराहनीय रहा।

## हत्या की नीयत से स्कूटी सवार को टक्कर मारने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला द्वारा युवक को सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की समझाइश इस कदर नागवार गुजरी कि युवक ने महिला को जान से मारने की नियत बना ली। परिवार के साथ स्कूटी से जा रही महिला को युवक ने हत्या करने की नियत सफारी वाहन से टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला समेत बहू व पोता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

- महिला द्वारा सावधानी पूर्वक वाहन चलाने दिए सलाह पर दिया था घटना को अंजाम

पुलिस के मुताबिक अस्पताल रोड मणिपुर निवासी सुभाष चंद्र अग्रवाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 15 जनवरी को सफारी स्टॉर्म वाहन क्रमांक सीजी 15 डीई 5101 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर स्कूटी सवार पत्नी, बहु और पोता को टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आहतो क़े ईलाज क़े पश्चात बयान एवं अन्य गवाहों क़े बयान दर्ज किए। बयान में आए तथ्यों क़े आधार पर पता चला कि दुर्घटना सड़क हादसा नही बल्कि पूर्व नियोजित थी। घटना से एक दिन पूर्व सुभाषचंद की पत्नी ओमनी अग्रवाल द्वारा आरोपी सफारी स्टोर्म चालक क्रमांक सीजी 15 डीई 5101 नवीन गुप्ता कों ठीक से सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की समझाईस दी थी। इसी बात से नाराज नवीन गुप्ता ने ओमनी अग्रवाल कों धमकी दी और हत्या करने की नीयत से आरोपी ने जानबूझकर स्कूटी सवार महिला, बहु एवं पोता कों वाहन क्रमांक सीजी 15 डीई 5101 से सामने से टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने जांच मे आए तथ्यों क़े आधार पर आरोपी वाहन चालक नवीन गुप्ता को पकड़ कर पूछताछ किया गया तो आरोपी ने जानबूझकर हत्या करने की नीयत से उक्त घटना कारित करने की बात कबूल की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 307 जोड़कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक वंश नारायण शर्मा, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, आरक्षक अनुज जायसवाल, वीरेंद्र पैकरा सक्रिय थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## दुष्कर्म करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**अम्बिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवक ने न सिर्फ युवती से दुष्कर्म किया बल्कि उसे छोड़ चला गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को कुछ घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी युवक को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना क्षेत्र निवासी युवती 7 जनवरी को कपड़ा सिलवाने के लिए गई थी। जहां से वापस घर लौट रही थी तभी जंगल के समीप लक्ष्मणगढ़ निवासी गुड्डन राम मिला और युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवक शादी का झांसा देकर दो माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया और युवती को छोड़ चला गया। पीड़िता ने गत दिन घटना की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 376 (2) (एन), 506 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के कुछ घंटे के भीतर ही आरोपी गुड्डन राम (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूछताछ में युवक ने युवती से दुष्कर्म करने बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, प्रधान आरक्षक राजनाथ, महिला आरक्षक प्रियंका तिर्की, आरक्षक देवेंद्र सिंह, अजय शर्मा सक्रिय रहे।

## श्री अखंड हरी नाम संकीर्तन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

वर्ष 1970 से संचालित अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में इस वर्ष भी रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में 11 मई को प्रातः 6:30 बजे से आरंभ होगा।

विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन समिति के सदस्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। अखंड श्री-श्री हरिनाम संकीर्तन की 55 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में उत्साह पूर्वक मनाई जाएगी। नियत कार्यक्रम के अनुसार 10 मई को रात्रि 9 बजे वैदिक परंपरा के अनुसार अधिवास पूजन होगा। आयोजन के अगले दिन 11 मई शनिवार को प्रातः 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का संकीर्तन का शुभारंभ होगा। यह संकीर्तन लगातार 72 घंटे तक अखंड रूप से चलेगा, इसके उपरांत 14 मई को प्रातः 6:30 बजे समापन होगा। इसी दिन रात्रि 8:30 बजे महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अखंड हरिनाम संकीर्तन मंडली तथा परिचालन समिति में श्री-श्री मामा भांजा नित्यानंद संप्रदाय कोलकाता, श्री-श्री सन्यासी मंडल भद्राचार्य संप्रदाय आरागाही, श्री-श्री गौरिया संप्रदाय तातापानी, श्री श्री वासुदेव संप्रदाय पन्ना सतना एवं श्री श्री निताई गौर संप्रदाय बलरामपुर के भक्त विशेष रूप से शामिल होते हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्म अनुरागी जनों से श्री अखंड हरी नाम संकीर्तन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।



संकीर्तन करते श्रद्धालु।

## दुकान में सेंध लगाकर 21 हजार रुपए पार

**अम्बिकापुर।** सीतापुर निवासी संचालक संजय गोयल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि मुख्य मार्ग स्थित कपड़ा दुकान को शनिवार की रात दुकान बंद कर घर आ गए जबकि दुकान के 10 कर्मचारी भी अपने घर चले गए। हर रोज की भांति दूसरे दिन सुबह 10 बजे दुकान खोला तो देखा सीढ़ी में ईट का टुकड़ा पड़ा है जबकि दीवार में सेंध लगा हुआ था। संचालक ने काउंटर की तलाशी ली तो काउंटर में रखे 21 हजार रुपए गायब थे। जबकि दुकान में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर गायब था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### देर रात्रि तक लौटा मतदान दल

## शांतिपूर्ण मतदान कराकर सकुशल लौटे दल का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पूरी कराकर मतदान दल वापस आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने रामानुज विद्यालय परिसर में पहले मतदान दल का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया और उन्हें लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व के बेहतर संपादन के लिए धन्यवाद दिया।

जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र निग्नोहर मतदान केन्द्र क्रमांक 137 में नियुक्त दल के सदस्य सबसे पहले रामानुज विद्यालय परिसर में पहुंचे। इस दल के पीठासीन अधिकारी हरिशंकर साहू और उनके साथ दल में नियुक्त पूरन लाल, सईद अनवर खान और शिवबालक केवट का सुरक्षा बल के साथ पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी और लोकसभा निर्वाचन की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कोरिया जिले में लोकसभा क्षेत्र कोरबा के लिए 7 मई को मतदान संपन्न हुआ और सभी मतदान केन्द्रों में निष्पक्ष चुनाव पूर्ण करा लिया गया है।



मतदान दल का स्वागत करते कलेक्टर।

### मतदान कराकर सकुशल लौटे संगवारी दल

कोरिया जिले में दस संगवारी मतदान केन्द्रों में निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पूरी कराकर महिला मतदान दल वापस पहुंचे। समस्त महिला मतदान दलों का सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम ने पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया और उन्हें लोकतंत्र के निर्वाचन पर्व पर बेहतरीन दायित्व संपादन के लिए धन्यवाद दिया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र मिलाकर कुल 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए थे और सभी में नियोजित महिला मतदान दल सकुशल वापस लौट आए हैं। उत्साह के साथ निर्वाचन दायित्व निर्वहन कर लौटकर आने पर सब दल के सदस्यों का उत्साह देखने लायक रहा। इस अवसर पर लोकसभा निर्वाचन की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, तहसीलदार बैकुंठपुर श्रीमती अमृता सिंह, जिला परियोजना अधिकारी केके गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कोरिया जिले में लोकसभा क्षेत्र कोरबा के लिए मंगलवार को मतदान संपन्न हुआ और सभी 228 मतदान केन्द्रों में निष्पक्ष चुनाव पूर्ण करा लिया गया है।

- सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकिता ने किया स्वागत

## अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह आज

**मनेन्द्रगढ़।** अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ के चुनाव अधिकारी अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को न्यायालय परिसर मनेन्द्रगढ़ में शाम 7:30 बजे से आरंभ होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भीष्म प्रसाद पाण्डेय जिला एवं सत्र न्यायधीश बैकुंठपुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंसूर अहमद प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक कुमार तिवारी प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश मनेन्द्रगढ़, कुमारी सुनीता साहू, द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश मनेन्द्रगढ़, सरिता दास अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश (एफटीसी) मनेन्द्रगढ़, मुकेश कुमार पात्रे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश चिरमिरी, विनय कुमार प्रधान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश बैकुंठपुर, श्रीमती श्रुति दुबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनेन्द्रगढ़ एवं समस्त न्यायधीशगण की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। न्यायालय परिसर मनेन्द्रगढ़ में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष मयंक जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, सचिव आशीष सिंह, कोषाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल, सह सचिव प्रवीण पटेल, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रभारी कमलेश पाण्डेय, पुस्तकालय प्रभारी यारसाय राजवाड़े एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में परवीन बेगम, राजेन्द्र तिवारी, प्रदीप शर्मा, आलोक अग्रवाल, जयलाल सिंह, समय लाल सिंह को अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई जाएगी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सुपरमैन की दिखी झलक, 'मैन ऑफ स्टील' सूट पहनकर छा गए डेविड कोरेनस्वेट



सुपरमैन की पहली झलक मेकर्स ने साझा कर दी है। जारी की गई तस्वीर में डेविड कोरेनस्वेट कुर्सी पर बैठकर जूते पहनते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीर सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरू हो गई हैं। सुपरमैन के फैंस के लिए सोमवार 6 मई का दिन बहुत खास रहा। दरअसल, निर्देशक जेम्स गन ने सोशल मीडिया पर नया मैन ऑफ स्टील सूट साझा कर प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरमैन के इस सूट को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पिछली फिल्म से काफी अलग होगा। अपने नए लुक को डेविड कोरेनस्वेट ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। जारी की गई तस्वीर में सुपरमैन एक कुर्सी पर बैठकर अपने जूते पहनता नजर आ रहा है। वहीं, कांच की खिड़की के बाहर एक चमकता हुआ गोला दिख रहा है। खास बात यह है कि तस्वीर में सुपरमैन का यह सूट पिछली फिल्मों की तुलना में थोड़ा ढीला नजर आ रहा है। पूरे सूट में बहुत सारी रेखाएं भी नजर आ रही हैं। गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा, ₹तैयार हो जाइए। सुपरमैन. 7.11.25।" इस तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹सूट काफी अच्छा लग रहा है।₹ दूसरे यूजर ने लिखा, ₹इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर पा रहा।₹ इसके अलावा और भी बहुत से यूजर्स सुपरमैन के लुक को देखकर उत्साहित नजर आए।कोरेनस्वेट से पहले, सुपरमैन की भूमिका में तीन और अभिनेता अपना जलवा दिखा चुके हैं। क्रिस्टोफर रीव (1978-87), ब्रैंडन रॉथ (2006) और हेनरी कैविल (2013-2022) इस किरदार में दर्शकों की खूब वाहवाही लूट चुके हैं। कॉरेनस्वेट को रयान मर्फी के द पॉलिटिशियन जैसे शो के लिए जाना जाता है।

### टॉलीवुड

## थिएटर के बाद अब ओटीटी पर मचाया 'मंजुम्मल बॉयज' ने धमाल



मलयालम फिल्म 'मंजुम्मल बॉयज' अब ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। सिनेमाघरों की तरह की यहां भी फिल्म का जलवा बरकरार है। लोग इस फिल्म का जमकर आनंद ले रहे हैं। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है। ओटीटी के दर्शक इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। खास तौर पर इसके दो सीन की सबसे ज्यादा चर्चा की जा रही है। 'मंजुम्मल बॉयज' के जिन दो सीन पर बात की जा रही है, वे श्रीनाथ भासी के किरदार सुभाष से जुड़े हुए है। एक सीन क्लाइमैक्स का है, जिसमें सुभाष को बचाया जाता है। निर्देशक ने इस दृश्य में कमल हासन की फिल्म का गाना इस्तेमाल किया है। गाने का नाम 'कम्मानी' है, जो 'गुना' फिल्म में सुनने को मिला था। इसके अलावा दूसरा सीन वह है, जिसमें सुभाष के बचपन से लेकर उसके गुफा में फंसने तक के ट्रांजिशन को दिखाया गया है। लोग इसे देखकर दंग हैं और इसे सिनेमा का चमत्कार बता रहे हैं। कुल मिलाकर 'मंजुम्मेल बॉयज' झोली भर-भरकर वाहवाही लूट रही है।

'मंजुम्मल बॉयज' का निर्देशन चिदंबरम ने किया है। इसे 22 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसे हाल ही में, ओटीटी प्लेटफॉर्म 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' पर रिलीज किया गया है, जहां इसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें दोस्तों के एक समूह की कहानी को दिखाया गया है, जो छुट्टी मनाने जाते हैं, लेकिन एक गुफा में फंस जाते हैं। मालूम हो कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था।

### भोजपुरी

## मांग में सिंदूर और गले में वरमाला शुरू हुई 'दीदी नंबर 1' की शूटिंग



भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी और देव सिंह के शादी के दौरान की फोटो सामने आई हैं। हालांकि ये असल में नहीं हो रही। बल्कि फिल्म 'दीदी नंबर 1' के सेट से फोटो वायरल हो रही हैं। इसमें शादी के मंडप में अग्नि के फेरे लेती हुई नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म स्टार इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर देव सिंह और भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'दीदी नंबर 1' की शूटिंग शुरू हो गई है। इसी बीच फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई हैं, जिसमें देव सिंह और रानी चटर्जी की शादी का सीक्वेंस दिख रहा है। इस फिल्म के निर्माता हाईक्यू और B4U के संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं जबकि निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डुरी हैं। फिल्म की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है। फिल्म का निर्माण इन दोनों जोर-जोर से चल रहा है। फिल्म 'दीदी नंबर 1' को लेकर देव सिंह ने कहा कि यह घर परिवार की फिल्म है और इसकी कहानी बेहद फ्रेश है। फिल्म में मेरी भूमिका की महत्वपूर्ण है। रानी चटर्जी मेरे अपोजिट नजर आ रही हैं। हम सभी मिलकर एक शानदार फिल्म के निर्माण को की जान से लगे हुए हैं। यह फिल्म जब रिलीज होगी, तब सबों को खूब पसंद आएगी। आपको बता दें कि देव सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री के ऐसे कलाकार हैं जो सभी भूमिकाओं में फिट नजर आते हैं । और उन्होंने आज तक सभी बड़े और छोटे कलाकारों के साथ काम किया है।

लाइफ



### 163 कारीगरों की मेहनत

एक बार फिर से दुनिया के सबसे बड़े मेगा फैशन इवेंट मेट गाला का आगाज 6 मई से हो चुका है। न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित मेट गाला इवेंट में न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के बड़े-बड़े सिलेब शिरकत करने पहुंचे हैं। मेट गाला 2024 में इस बार का थीम 'गार्डन ऑफ टाइमः एन ऑड टू आर्ट एंड एटरनिटी है। इवेंट के पहले दिन आलिया भट्ट ने अपने लुक में भारतीय संस्कृति को दर्शाया। आलिया के इस साड़ी लुक को संवारने में 163 कारीगरों की मेहनत रंग लाई।

## बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो इन बातों का भी रखें ध्यान

आज के समय में बालों को हाइलाइट कराना हर किसी की पसंद बनता जा रहा है। लेकिन बहुत से लोगों को समझ नहीं आता कि वो किस तरह से बालों को हाइलाइट कराएं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताएंगे, जिनका ध्यान आपको हाइलाइट कराते वक्त और कराने के बाद भी रखना है। अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो हो सकता है कि आपका लुक बिगड़ जाए।

### सही से करें रंगों का चयन

बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।



### समझ कर करें जगह का चुनाव

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों।


### कई रंगों से रहें दूर

बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं।

### करना होगा अच्छे शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल

ध्यान रखें कि अगर आप एक बार बालों को हाइलाइट करा लेंगे तो आपको सल्फेट वाले शैंपू से दूर रहना होगा। हाइलाइट कराने के बाद हमेशा अच्छी क्वालिटी के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

## अक्षय तृतीया पर अपनों को तोहफे में दें नए डिजाइन के ऐसे आभूषण




अक्षय तृतीया के दिन सोना-चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में सभी हिंदू परिवार में इस दिन महिलाएं कुछ न कुछ खरीदती हैं। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसे में आप भी अपने घर की लक्ष्मी को आभूषण देकर प्रसन्न कर सकते हैं।

**कुंदन नेकपीसः** अगर आप अपनी पत्नी को कुछ हैवी सा नेकपीस तोहफे में देना चाहते हैं, तो इस तरह का कुंदन सेट एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है। इसे वो शादी-विवाह में भी कैरी कर सकती हैं।



**कान के झुमकेः** अगर कुछ गोल्ड में खरीदना चाहते हैं, तो अपनी पत्नी को सोने के झुमके तोहफे में दें। कान के झुमके हर महिला पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप उन्हें ये तोहफा दे सकते हैं। अगर आपकी पत्नी को हल्की ज्वेलरी पसंद है तो आप उन्हें टॉप्स भी दे सकते हैं।



**अंगूठीः** जरूरी नहीं है कि आप अपनी पत्नी को हैवी अंगूठी ही दें। आप अपना बजट देखते हुए उन्हें डायमंड या फिर सोने की अंगूठी तोहफे में दे सकते हैं। अगर आपकी पत्नी वर्किंग हैं, तो हल्की सी अंगूठी ही दें, ताकि वो इसे हमेशा पहने रहें।

**डायमंड का सेटः** आजकल की लड़कियों को सोने से ज्यादा डायमंड पसंद आता है। ऐसे में आप उन्हें डायमंड का सेट तोहफे में दे सकते हैं। ये थोड़ा मंहगा जरूर आएगा, लेकिन जब-जब आपकी पत्नी इसे पहनेंगी, तो उनका प्यार आपके प्रति बढ़ जाएगा।

**कमरबंदः**अगर आपकी नई शादी हुई है तो अपनी पत्नी को भारी सा कमरबंद तोहफे में दें। ज्यादातर महिलाओं को चांदी का कमरबंद पहनना पसंद होता है। आप चाहें तो ऐसा कुंदन जड़ा कमरबंद भी उन्हें तोहफे में दे सकते हैं।

**पेंडेंट सेटः** अगर आपकी पत्नी वर्किंग है तो उन्हें इसी तरह का क्यूट का पेंडेंट सेट तोहफे में दें। इसे वो रोजाना में भी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी प्यारा होता है और इसे खरीदने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने होंगे।

## मेकअप से पहले बेहद जरूरी होता है प्राइमर लगाना, जानें इसके इस्तेमाल

मेकअप करने का एक सही तरीका होता है। अगर इस तरीके को फॉलो नहीं करते हैं तो चेहरा खराब दिखता है। खासतौर पर अगर बात करें मेकअप के शुरुआती स्टेप की, तो सबसे पहले प्राइमर का इस्तेमाल किया जाता है। लोगों को लगता है कि प्राइमर को वो साधारण क्रीम की तरह ही इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। प्राइमर लगाने का भी एक सही तरीका होता है, जिसके बारे में जानना जरूरी है।

### सबसे पहले करें ये काम

कभी भी सीधे प्राइमर को अपने चेहरे पर ना लगाएं। इसके लिए पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ करें। इसके बाद चेहरे पर कोई क्रीम लगाएं। सबसे आखिर में प्राइमर का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से प्राइमर सही से सेट हो जाएगा।

### स्किन टाइप का रखें ध्यान

वैसे तो आज के समय में बाजार में आपको कई तरह के प्राइमर बेहद आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अगर आप अपने स्किन टाइप का जरूर ध्यान रखकर इसे खरीदेंगे तो ये ज्यादा फायदेमंद रहेगा। रूखी त्वचा वाले लोग



मॉइश्चराइजर युक्त प्राइमर अपने लिए खरीद सकते हैं।

### सही मात्रा में करें इस्तेमाल

लोगों को लगता है कि प्राइमर का वो जितना चाहें, उतना इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हैं। दरअसल, अगर आप ज्यादा मात्रा में प्राइमर अपने चेहरे पर लगाएंगे तो इससे आपका मेकअप खराब हो सकता है। अगर आप कम मात्रा में इसका इस्तेमाल करेंगी तो इसे लगाने का कोई फायदा नहीं मिलेगा।

## लड़कियों के लिए सबसे सही हैं शनाया के ये लहंगे

शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिसके घर में भी शादी है, वो उत्साह के साथ शादी की तैयारियों में जुटा है। एक समय था, जब लोग सिर्फ इस बात पर ध्यान देते थे कि दूल्हा-दुल्हन का लुक सबसे खूबसूरत लगे लेकिन अब दौर बदल गया है। आज के समय में हर कोई शादी में खूबसूरत दिखना चाहता है। फिर चाहे ये शादी उनके घर में हो, या हो उनके किसी खास दोस्त की।

खासतौर पर लड़कियों की बात करें तो वो शादी के लिए कई-कई महीने पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। वो चाहती हैं कि उनका लहंगा, मेकअप, ज्वेलरी सबसे अलग और खूबसूरत दिखे।

**हरा लहंगा :** अगर आपको डार्क रंग पसंद हैं, तो शनाया का ये हैवी वर्क वाला हरे रंग का लहंगा आपके लिए बेहद खूबसूरत विकल्प है। इस लहंगे के साथ आप भी शनाया की तरह ही ऑफ शोल्डर ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप स्लीक स्टाइल में बन बनाएं।

**गुलाबी अंदाजः** इस तरह का गुलाबी रंग का सिल्क का लहंगा आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। बालों में जूड़ा और गले में नेकपीस से आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

**सुनहरा अंदाजः** इस तरह का गोल्डन लहंगा और उसके साथ ट्यूब स्टाइल का ब्लाउज आपको शादी में ग्लैमरस लुक देगा। ध्यान रखें कि इसके दुपट्टे को गले में चिपका कर ही डालें, ताकि आपका स्टाइलिश ब्लाउज दिख सके।

**मल्टीकलर लहंगा :**अगर



आपको रंग बिरंगी चीजें काफी पसंद हैं, तो इस तरह का मल्टीकलर लहंगा आपको जरूर पसंद आएगा।

इस लहंगे के साथ बैकलेस और स्लीवलेस ब्लाउज बनवाकर आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### फैशन मे लड़कों के पास कम विकल्प लेकिन स्टाइलिश दिखना जरूरी

## ड्रेसिंग के ऐसे तरीके अपनाएं लड़के मिलेगा ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक

*समय और मौके के मुताबिक कपड़ों का चयन आपको फैशनेबल बनाता है। बात लड़कों के फैशन की करें तो लड़कियों के मुकाबले लड़कों के पास कम विकल्प होते हैं। लेकिन स्टाइलिश दिखने के लिए वह भी अपने तरीके से ड्रेस अप होने और खुद को प्रेजेंट करने का काम करते हैं। अगर आप अपनी पर्सनैलिटी को स्टाइलिश और फैशनेबल तरीके से लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आपके लिए कुछ टिप्स हैं।*



### सही साइज के कपड़े पहनें

आप कितने भी महंगे या ब्रांडेड कपड़े पहन लें, लेकिन अगर वह आपके बॉडी पर परफेक्ट तरीके से फिट नहीं होते तो उनसे आपका लुक खराब हो जाएगा। किसी भी कपड़े को कैरी करने से पहले आपको अपनी बॉडी टाइप और साइज की सही जानकारी होनी चाहिए। अधिक टाइट या लूज कपड़ों से आपका लुक बेकार लगता है और आप असहज भी महसूस करते हैं।

### कपड़ों के रंग का सही चयन करें

कपड़ों के रंग के सही चयन से भी आप स्टाइलिश दिख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप पर किस रंग के कपड़े जचेंगे, इस बात की जानकारी हो। कपड़ो की मैचिंग भी सही होनी चाहिए। जैसे आपकी पैंट या जींस के रंग पर किस रंग की शर्ट, टी-शर्ट परफेक्ट मैच करेगी। सूज के कलर को भी मैच कराएं।

### कपड़ों को सही ढंग से रखें



परफेक्ट लुक के लिए जरूरी है कि जो भी कपड़े आप पहन रहे हैं वह प्रेजेंटेबल हों। यानी सही ढंग से फोल्ड किए हों या आयरन हों। कपड़े का रंग न उतरा हो और चमक व नयापन बना रहें। इसके लिए वार्डरोब को व्यवस्थित करते रखें। कपड़ों में सिलवटें हो तो उसे बिना आयरन किए न पहनें।

### हेयरस्टाइल और शेव पर भी दें ध्यान

कहते हैं कि पहला इंप्रेशन ब्यूटी होता है। लोग आपके लुक्स को देखते हैं, इसलिए परफेक्ट लुक के लिए अपने हेयरस्टाइल का ध्यान रखें। ट्रेंडी और आप के फेस कट पर सूट करने वाली हेयर स्टाइल लें। इसके अलावा आपको बियर्ड लुक चाहिए या क्लीन शेव रहना है, उसके मुताबिक खुद को मेंटेन करें।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफ Style

# सुष्मिता
## दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।



## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...



*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगाकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*

# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'



## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार

**कोरबा।** शादी का झांसा देकर साथ रहने के बाद दूसरे जगह शादी की बातचीत शुरू कर दिया। इस पर पीड़िता ने युवक के विरूद्ध शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद से युवक फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में फेसबुक के माध्यम से एनटीपीसी जमनीपाली निवासी जांटी एडविन का फ्रेंड रिक्वेस्ट आने पर उससे बातचीत शुरू हुई। इस बाद उसने पीड़िता को अपने विश्वास में लेकर अलग घर में रहने पर जोर दिया। इस पर युवती ने विश्वास करते हुए अपना घर छोड़ जांटी एडविन आनंद के साथ उरगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मकान किराया पर लेकर रहने लगी। उसने बताया कि लगभग दो साल साथ रहने के उपरांत जांटी एडविन आनंद के माता पिता उनके उरगा स्थित मकान में आए और शादी करने की बात कही। इसके बाद जांटी माता पिता के साथ अपने घर लौट गया।कुछ दिनों पश्चात युवती की नियुक्ति अंबिकापुर के पास रघुनाथनगर में लेक्चर के रूप में हुई। युवती ने जांटी के साथ बातचीत की, तब उसने शादी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वह, अभी समय है कहकर लगातार टालमटोल किया जाता रहा फिर युवती द्वारा शादी करने की बात करने पर जांटी ने युवती का फोन नंबर ब्लाक कर दिया। युवती द्वारा उसके दोस्तों और परिवार वालों से संपर्क करने पर पता चला की जांटी की शादी की बातचीत किसी अन्य जगह चल रही है। इस पर युवती द्वारा कोतवाली कोरबा में जांटी एडविन आनंद के ख़िलाफ अपराध दर्ज कराया गया।

### चुनाव को लेकर ड्राई डे, उधर चोरों ने पार कर दी शराब

**कोरबा।** जिले में शराब दुकान का ताला तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान से देसी और महंगे ब्रांड के अंग्रेजी शराब की पेटी लेकर फरार हो गए है। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, ये घटना बांकी मोंगरा थाना अंर्तगत भैरोताल शराब दुकान की है। सोमावार के तडक़े सुबह चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है। चुनाव के मद्दे नजर शराब दुकान को कलेक्टर के आदेश पर कल शाम बन्द कराया गया, जिसके बाद चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा गार्ड शराब दुकान के बगल में सोया हुआ था। जब अचानक नींद खुली तो दुकान का ताला टूटा हुआ पाया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड ने सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान के सामने शटर का ताला टूटा मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो चोरों ने शराब के पेटी और बोतल ले भागे थे। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी बाकी मोगरा थाना पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को दी।

### पेड़ पर लटका मिला मां-बेटे का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** ग्राम पचावल में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब जंगल में महुआ पेड़ पर मां-बेटा का शव फांसी में लटका मिला। मामला आत्महत्या का है या हत्या के बाद दोनों का शव फांसी पर लटकाया गया है इसकी जांच पुलिस कर रही है। मृतिका की मां ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सनावल थाना अंतर्गत ग्राम पचावल से लगे जंगल में सोमवार को महुआ बीनने गए ग्रामीणों ने महुआ के पेड़ पर महिला एवं किशोर का शव फांसी पर लटका देखा। शव पचावल निवासी लक्ष्मी यादव (36) एवं उसके पुत्र आशीष यादव (14 वर्ष) की थी। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव को उतारा। इधर पुलिस के जांच में पता चला कि मृतिका लक्ष्मी यादव 29 अप्रैल को इलाज कराने के नाम से घर से निकली थी। वहीं उसका पुत्र आशीष यादव 27 अप्रैल को नाना के यहां जाने के नाम पर निकला था जिसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह दोनों का शव गांव के बाहर जंगल में फांसी में लटका मिला। परिजन के मुताबिक लक्ष्मी का मोबाइल खराब हो गया था और उससे संपर्क नहीं हुआ था। पुलिस जांच में पता चला है कि लक्ष्मी यादव अपने पति हृदय नारायण यादव की दूसरी पत्नी थी। हृदय नारायण यादव की पहली पत्नी से दो बच्चे थे, जिनमें छोटे बेटे ने पिछले वर्ष फांसी लगा ली थी। बड़े बेटे का विवाह एक माह पूर्व हुआ है। मृतिका की मां मानमति यादव का आरोप है कि उसकी पुत्री एवं दामाद का पहले से विवाद चल रहा था।

2 हजार क्यूसेक पानी अभी भी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में, वाटर लेवल हुआ 45 फीसदी

# बांगो बांध का जलस्तर घटा, फिर भी 16 घंटे चल रहा हाइडल प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य की तपिश इतनी तेज हो गई है कि पारा 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है और लगातार भीषण गर्मी की वजह से ग्रामीण अंचलों में तालाब, नदी, नाले सूखने लगे हैं। गर्मी में लोगों को पानी की कमी ना हो और नदी, नालों में पानी लोगों को मिलता रहे इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है। यही वजह है कि लगातार गर्मी में भी हाइडल प्लांट चलने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से गिरता चला जा रहा है। बांगो बांध का वाटर लेवल 45 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है जिससे अब जल संसाधन विभाग के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। अब विभाग पानी के लिए फूंक फूंककर कदम रखने लगा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के पानी से प्रदेश के कई जिलों के बिजली घर संचालित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर कई जिले के किसानों के खेतों की प्यास भी इसी बांध से बुझाई जाती है। रबी फसल के लिए किसानों को पानी की



बांगो बांध।

कमी ना हो और इस गर्मी में लोगों को निस्तारी के पानी पर्याप्त मिल सके इसके लिए मार्च के महीने से ही बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया जा रहा था। लगभग डेढ़ महीने तक हाइडल प्लांट को 36 घंटे लगातार संचालित किया जा रहा था जिससे लगभग 4500 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। यही वजह है कि यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा था और दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से रबी फसल व निस्तरी के लिए लगातार पानी दिया जा रहा था। मई माह के पहले ही सप्ताह में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 45 फीसदी जा पहुंचा है। बताया जाता है कि 7 मई की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 348.98 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जल भराव का लगभग 45 फ़ीसदी पानी है। मई माह में भी हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे लगभग 2000 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित हो रहा है। बताया जाता है कि लगातार बांगो बांध के गिरते वाटर लेवल की वजह से इस महीने हाइडल प्लांट की रफ्तार 16 घंटे की गई है। आने वाले दिनों में हाइडल की रफ्तार और कम की जा सकती है ताकि बांगो बांध का जलस्तर बना रहे। संभावना जताई जा रही है कि मई माह के अंतिम सप्ताह तक बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में बांगो बांध का जल स्तर अब बहुत तेजी से गिरने लगा है।

### वर्ष 2023 में 60 फ़ीसदी भरा हुआ था बांध

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 7 मई की स्थिति में वर्ष 2024 में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 45 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है जबकि वर्ष 2023 में की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 352.8 मीटर था जो कुल जल भराव का 60 फ़ीसदी पानी था। इस वर्ष हाइडल प्लांट को लगातार तेज रफ्तार से चलाया गया है जिसकी वजह से कुछ महीनो में ही वाटर लेवल बहुत तेजी से नीचे आया है जो चिंता का विषय बना हुआ है। अब विभाग के अधिकारी प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित बिजली कारखाना को संचालित करने के लिए ही अब चुनिंदा घंटे ही हाइडल प्लांट को संचालित किया जाएगा जिससे निकलने वाला पानी से बिजली कारखाने को दिया जाएगा।

### बारिश आने में अभी डेढ़ महीने का समय और

अमूमन वर्षा ऋतु 15 जून से माना जाता है। अभी लगभग डेढ़ महीने का वक्त बचा हुआ है। जन संसाधन विभाग के अधिकारियों को मुताबिक अभी डेढ़ महीने में हाइडल प्लांट को संचालित किया जाएगा और ऐसे में यदि पानी की डिमांड आई तो हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्षा ऋतु के आने तक बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी पहुंचने की संभावना है। यदि बारिश के दौरान कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई तो बांध भर जाएगा अन्यथा बांध को भरने में एक लंबा समय लग सकता है।

# ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना तिलवारीपारा निवासी राम प्रसाद का पुत्र शिवा यादव 6 मई को सुबह लगभग 11 बजे अपने बड़े पापा बृजलाल यादव के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूजी 9792 ड्रीम योगा को लेकर ग्राम आमानारा अपने जीजा महेश यादव के घर जाने के लिए निकला था। दोपहर लगभग 1 बजे रामप्रसाद के पडोसी गुरूप्रसाद यादव ने बताया कि शिवा यादव को तिवरता में ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एलसी 0675 के चालक द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया गया। जिससे उसके सिर में बहुत गंभीर चोट आया। तब रामप्रसाद अपने बडे भाई बृजलाल यादव और छोटे भाई गोपाल यादव को लेकर तिवरता पहूंचा तो वहां पता चला कि उसका पुत्र शिवा यादव को डायल 112 वाले उठाकर एनसीएच गेवरा अस्पताल ले गये है वहां पता चला है कि उसके पुत्र शिवा यादव की मौत हो गई है। रामप्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- पाली थाना के ग्राम रंजना का मामला

# महुआ गोदाम में चोरी की कोशिश, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली निवासी राजेंद्र अग्रवाल महुआ खरीदी बिक्री का काम करता है। महुआ को राजेंद्र अपने घर में ही छोटा सा गोदाम बनाकर रखता है। 5 मई की रात्रि 11 बजे खाना खाकर परिवार के साथ वह सो गया था। 6 मई की रात्रि लगभग 3 बजे घर के गोदाम का ताला तोड़ने का आवाज आया तो राजेंद्र ने सामने दरवाजा खोलकर देखने के लिये गोदाम तरफ गया तो देखा कि गोदाम का दरवाजा खुला हुआ था। गोदाम के पास पहुंचने पर वहां पाली निवासी दो युवक कपील पटेल, दुर्गेश कुमार जेठवा गोदाम में चोरी कर रहे थे। राजेंद्र को देखकर दोनों युवक वहां से भाग खड़े हुए। राजेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों युवक कपील पटेल एवं दुर्गेश कुमार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# तेज आंधी के साथ बारिश, विद्युत व्यवस्था ध्वस्त



तेज आंधी बारिश से सड़कों में छायी धूल।



पेड़ से गिरी डगाल।



टूटा बिजली का पोल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी के बीच मौसम के बार-बार बिगड़ते तेवर की वजह से मौसम एक बार फिर से खुशनुमा हो गया है। मंगलवार की सुबह से ही मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी रहा और शाम होते-होते जमकर आंधी तूफान और बारिश हुई। जिसकी वजह से शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई थी। देर रात शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगी रही। जिसके बाद विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह से ही मौसम में हल्की ठंडकता थी और बादल छाए हुए थे। शाम होने के पहले ही तेज आंधी तूफान शुरू हो गई और तेज अंधड़ की वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई। बताया जाता है कि तेज आंधी तूफान की वजह से कई इलाकों की विद्युत व्यवस्था विद्युत पोल धराशाही हो गए तो कहीं तार टूट गए तो कहीं पेड़ गिर गए हैं। जिसकी वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई थी। बारिश के साथ ही मौसम ने खुशनुमा मोड़ लिया और इसके बाद देर शाम को विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए निकल पड़ी और देर रात तक अलग-अलग क्षेत्र में काम करते रहे। इसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। चुनाव के मद्देनजर सभी पोलिंग बूथ के आसपास सभी राष्ट्रीय पार्टी द्वारा पोलिंग बूथ के लिए अलग से टेंट की व्यवस्था की गई थी। शाम को आए आंधी तूफान की वजह से ज्यादातर टेंट धराशाही हो गए थे।

**खास बात**

- मौसम ने एक बार फिर बदली करवट, जगह जगह तंबू भी हो गए थे धराशाही



तेज आंधी से उड़ा टेंट।

### गर्मी से मिली राहत

एक दिन पहले ही सोमवार को 42 डिग्री के पार था और भीषण गर्मी से लोग हलकान थे। लगातार गर्मी की वजह से लोग बीमार भी हो रहे थे लेकिन मंगलवार को एक बार फिर से मौसम ने अचानक करवट बदली और मौसम के करवट बदलते ही तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश भी हुई। जिसके चलते शाम होते ही मौसम खुशनुमा हो गया और गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि एक-दो दिन मौसम कुछ ऐसे ही रहने की संभावना जताई जा रही है। पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। अप्रैल का महीना भी कुछ ऐसा ही था जिसमें कई बार कई दिनों तक मौसम में बदलाव देखा गया था जिसके बाद अब मई माह के पहले सप्ताह में मौसम में फिर से उतार-चढ़ाव शुरू हो चुका है।

# रेलवे का निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे कर्मचारियों को अब छोटी-बड़ी बीमारियों की ब्लड जांच अब कोरबा जिले में ही करा सकेंगे। इसके लिए रेलवे प्रबंधन ने जिले के एक निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध किया है। अब कर्मचारियों को बिलासपुर मुख्यालय तक की लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिविजन के कोरबा रेलवे सेक्शन में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं है। स्वास्थ्य खराब होने पर कर्मचारियों को चिकित्सकों की सलाह पर बीमारियों के परीक्षण के लिए खून जांच कराने के लिए बिलासपुर मुख्यालय में स्थित रेलवे अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती थी।इससे कर्मचारियों को काफी असुविधा हो रही थी। इसे लेकर रेलवे यूनियन की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। यूनियन की मांग पर प्रबंधन ने गंभीरता दिखाई। कोरबा के निहारिका स्थित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य बिगडऩे पर खून जांच के लिए अनुबंध किया है। कर्मचारी अब चिकित्सकों की सलाह पर इस डाग्यनोस्टिक सेंटर से खून जांच का रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के डिविजनल कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने बताया है कि कोरबा के रेल कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इसके लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। यूनियन के प्रयास से कोरबा रेलवे सेक्शन बालपुर से जुनाडीह साइडिंग में कार्यरत लगभग 1400 से अधिक रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार को इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।

### महिला के गले से मंगलसूत्र की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछापारा निवासी धरमशीला शुक्ला 1 मई को गांव के अन्य महिलाओं के साथ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कटघोरा आगमन पर सभा स्थल मेला गांउड कटघोरा में शामिल होने आयी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात वापस घर आते समय कार्यक्रम स्थल में ही महिला दीर्घा में काफी भीड़ होने से भीड़ का फायदा उठाते हुये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धरमशीला के गले में पहने हुये सोने मंलगसूत्र जिसमें एक लाकेट एवं 6 गेहू दाना लगा हुआ है जिसे अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।




# ग्राम नगर निवेश में शामिल ग्रामों में भवन निर्माण के लिए लेनी होगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम नगर निवेश अंतर्गत शहर से लगे ग्रामों को शामिल किया गया है। इन ग्रामों में अब किसी भी तरह के निजी निर्माण कार्य को लेकर यहां तक पंचायत के द्वारा सामुदायिक भवन व पंचायत भवन के निर्माण हेतु भी ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति लेना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय भूमि में बढ़ते बेजाकब्जा और अधोसंरचना विकास को लेकर नई गाइड लाईन जारी की है।

नगर पालिक निगम से लगे शहरी क्षेत्र के ग्राम भूलसीडीह, डूमरडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, जामबहार, सोनपुरी, रूगबहारी, आदि ऐसे ग्राम हैं जिन्हें दो वर्ष पूर्व ग्राम नगर निवेश विभाग के अंतर्गत शामिल किया गया है। इन ग्रामों की



जिला मुख्यालय से दूरी महज 10 से 15 किलोमीटर के बीच है। इन ग्रामों के शासकीय भूमि को अधोसंरचना विकास के लिए आरक्षित रखा गया है। ग्राम नगर निवेश विभाग द्वारा इन ग्रामों में होने वाले किसी भी तरह के शासकीय अशासकीय निर्माण कार्यों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। इन ग्रामों की जमीनों को मास्टर प्लान के लिए आरक्षित रखा गया है।

आने वाले समय में इन ग्रामों में अधोसंरचना के विकास कार्य किया जाना है। कुछ शासकीय दरफ्तारों के निर्माण भी इन ग्रामों में होंगे। विकास कार्यों का विस्तार इन्हीं ग्रामों में ज्यादा होना है। जिसके मद्देनजर ग्राम नगर निवेश विभाग में उसके अंतर्गत आने वाले ग्रामों में निर्माण कार्यों को लेकर रूपरेखा तैयार की है। निजी निर्माण कार्यों के अलावा शासकीय विभाग अगर कोई कार्य कराते हैं तो उन्हें जमीन से संबंधित सभी दस्तावेजों को ग्राम नगर निवेश विभाग में प्रस्तुत कर निर्माण कार्य की एनओसी लेना होगा।

